भारत सरकार

युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय

(खेल विभाग)

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 2531

उत्तर देने की तारीख 15 जुलाई, 2019

24 आषाढ़, 1941 (शक)

ग्रामीण इलाकों में स्टेडियमों का निर्माण

2531. श्री राम नाथ ठाकुरः

क्या युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार ने जिला स्तर पर विशेष रूप से ग्रामीण इलाकों में स्टेडियमों का निर्माण करने की कोई योजना बनाई है, ताकि ग्रामीण इलाकों के युवक अपनी प्रतिभा को निखार सकें; और

(ख) बिहार राज्य के उन क्षेत्रों का ब्यौरा क्या है, जहां सरकार ने 'खेलो इंडिया' के अंतर्गत स्टेडियमों का निर्माण करने के लिए योजना बनाई है ताकि इन इलाकों के युवाओं को राष्ट्रीय और साथ ही अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर प्राप्त हो सके?

उत्तर

युवा कार्यक्रम और खेल राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)

(श्री किरेन रीजीजू)

(क) और (ख) : जी नहीं । खेल राज्य का विषय होने के कारण जिला स्तर पर भवनों, स्टेडियमों के निर्माण सहित खेलों के संवर्धन का उत्तरदायित्व राज्य सरकारों का है । केन्द्रीय सरकार खेलो इंडिया स्कीम के अंतर्गत अवसंरचना में कमियों को दूर करके राज्य सरकारों के प्रयासों की पूर्ति करती है । खेलो इंडिया स्कीम के अंतर्गत वर्ष 2018-19 में हरीश चन्द्र खेल मैदान, नवादा, बिहार में 8.00 करोड़ रु. की लागत से बहु उद्देशीय इंडोर हॉल के निर्माण के लिए बिहार राज्य खेल प्राधिकरण की एक परियोजना संस्वीकृत की गई । पहली किश्त जारी नहीं की जा सकी क्योंकि इस मंत्रालय द्वारा अनुदान ऑनलाइन जारी करने के लिए बिहार राज्य खेल प्राधिकरण ने अपेक्षित ऑनलाइन माड्यूल को सक्रिय नहीं किया ।

*****